Gujarat Board Textbook Solutions Class 8 Hindi पुनरावर्तन 1 Sem 1

इन शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखिए :

उत्तर :
आकार, गृह, थोड़ा, निशा, पेट, फल, राष्ट्रभाषा, समीक्षा, सूर्य ।

इन शब्दों का लिंग-परिवर्तन कर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(1) **युवक** – युवती
वाक्य : वृक्ष के नीचे एक युवती खड़ी थी।

(2) **पंडित** – पंडिताइन
वाक्य : पंडिताइन मिलने के लिए हमारे घर आई थी।

(3) **छात्र** – छात्रा
वाक्य : तुम किस स्कूल की छात्रा हो?

(4) **अध्यापक** – अध्यापिका
वाक्य : हमारी अध्यापिका बहुत अच्छा पढ़ाती हैं।

(5) **डॉक्टर** – डॉक्टरनी
वाक्य : ये हमारे गाँव की डॉक्टरनी हैं।

(6) **माली** – मालिन
वाक्य : मालिन सुंदर मालाएँ बनाती है।

निम्नलिखित शब्दों का वचन-परिवर्तन कर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(1) **मूर्ति** – मूर्तियाँ
वाक्य : मंदिर में सुंदर मूर्तियाँ थीं।

(2) **दिशा** – दिशाएँ
वाक्य : सभी दिशाएँ प्रकाशित हो उठीं।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(3) कहानी – कहानियाँ

वाक्य : बच्चों को कहानियाँ बहुत पसंद हैं।

(4) गमला – गमले

वाक्य : बगीचे में फूलों के कई गमले रखे हुए हैं।

नीचे दिए गए शब्दों में उचित उपसर्ग अथवा प्रत्यय जोड़ते हुए नए शब्द बनाइए:

(1) .... + ज्ञान = ...

(2) मानव + ... = ...

(3) .... + मुख = ...

(4) ....+ हाजिर = ...

(5) समाज + ... = ...

(6) कुल + ... = ...

(7) .... + हिंसा = ...

(8) शान + ... = ...

उत्तर :

(1) वि + ज्ञान = विज्ञान

(2) मानव + ता = मानवता

(3) वि + मुख = विमुख

(4) गैर + हाजिर = गैरहाजिर

(5) समाज + इक = सामाजिक

(6) कुल + ईन = कुलीन

(7) अ + हिंसा = अहिंसा

(8) शान + दार = शानदार

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in